नया इंडिया
राजस्थान

भीलवाड़ा

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
08-जुलाई	27.0	37.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।
09-जुलाई	27.0	37.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

समाचार: जिला, आसपास

मां कोटेश्वरी नदी उद्गम दर्शन मोटरसाइकिल यात्रा 10 से

भीलवाड़ा। जलधारा विकास संस्थान द्वारा मां कोटेश्वरी (कोठारी) नदी उद्गम दर्शन के लिए मोटरसाइकिल यात्रा 10 व 11 जुलाई को निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ नंदराय के समीप कोठारी नदी के बनास में विलय स्थल देवरिया माताजी के स्थान से प्रातः 8.15 बजे होगा। यह यात्रा नंदराय, सवाईपुर, चावंडिया, भीलवाड़ा, बागोर होते हुये नदी के किनारे-किनारे इसके उद्गम स्थल दिवेर तक पहुंचेगी, जहां इसके उद्गम का दर्शन करेगी। कोठारी नदी का उद्गम दिवेर के रावत समाज के तालाब से है। जलधारा विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश नवहाल ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य नदी पुनर्जीवन के लिए जन जागरण एवं नदी के किनारे स्थित वनस्पतियों का अध्ययन है। किस प्रजाति की वनस्पतियां, वृक्ष इस नदी के किनारे बहुत अच्छी स्थिति में फल-फूल रहे हैं इसका डोक्यूमेन्ट तैयार किया जाएगा। साथ ही इस नदी की भोगोलिक स्थिति का भी अध्ययन इस यात्रा के द्वारा किया जाएगा। सचिव बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर पौधरोपण किया जायेगा। यात्रा का रात्रि विश्राम बागोर में होगा। तत्पश्चात 11 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे लगभग यात्रा राजसमंद जिले के दिवेर पहुंचेगी। यात्रा कार्यक्रम में इस नदी के इतिहास, बहाव क्षेत्र में मिलने वाली धाराएं, नदी के किनारे स्थित वन क्षेत्र, पहाड़ी पठारी भूभाग आदि का अध्ययन भी इस यात्रा में साथ साथ चलेगा। संस्थान के उपाध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि इस नदी के ऊपरी बहाव क्षेत्र में इस नदी का नाम कोटेश्वरी ही है। यात्रा में राजसमन्द स्थित खाखरमाला पंचायत के ग्राम टीकड़ जहां कोटेश्वर महादेव मन्दिर के दर्शन कर खाखरमाला बान्ध और गुणिया बान्धों का अवलोकन करेंगे। इस यात्रा का समारोप महाराणा प्रताप विजय स्मारक दिवेर के ऐतिहासिक स्थल पर होगा। तत्पश्चात दिवेर स्थित युद्ध स्थली स्मारक का भी दर्शन करेंगे।

टायर फटने से हुआ हादसा, अधेड़ घायल

भीलवाड़ा। मुजरास टोल नाके के पास वाहन का टायर फटने से बूंदी जिले के तालेड़ा ग्राम का रहने वाला अमरलरल पुत्र मांगीलाल माली घायल हो गया। उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कारोई पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।

शहरी सरकार की पहली बोर्ड बैठक 11 को, मिल सकती है कई सौगातें

कोरोना गाइड लाइन के साथ टाउनहाल में पहली बार सदन में बैठेंगे 70 पार्षद।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

नगर परिषद के फरवरी में निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक 11 जुलाई, रविवार दोपहर 2:15 बजे होगी। इसकी अध्यक्षता चेयरमैन राकेश पाठक करेंगे। इसमें कई चीजें पहली बार होंगी। पहली बार सदन में सत्तर पार्षद एक साथ बैठेंगे। कोरोना गाइडलाइन की पालना के लिए पहली बार बैठक टाउन हॉल में होगी। नगर परिषद की तीन अहम योजनाएं पातोला महादेव आवासीय कम व्यवसायिक योजना, हरणी कलां में प्रस्तावित फार्म हाउस योजना तथा नेहरू कॉम्पलेक्स व्यवसायिक योजना में कामर्शियल मॉल निर्माण का भविष्य तय होगा।

नगर परिषद की आईडीएसएमटी योजना में उप नगर पुर में पातोला महादेव में आवासीय कम व्यवसायिक योजना पहले से स्वीकृत है। इसके प्लॉटों की स्वीकृति नगर नियोजन विभाग से पूर्व में ही जारी हो चुकी। इस योजना में प्लॉटों का विक्रय आवंटन या नीलामी से किया जाए? इस पर फैसला होना है। इस संबंध में प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। हरणी कलां में परिषद की भूमि को मास्टर प्लान में परिधि नियंत्रण पट्टी के रूप में दर्शाया हुआ है। इसमें फार्म हाउस या अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग के संबंध में योजना तैयार कर वरिष्ठ नगर नियोजक कार्यालय से स्वीकृत करवाई जानी है। इस संबंध में भी बोर्ड में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

नगर परिषद ने पहले से ही रोडवेज बस स्टैंड के सामने नेहरू कॉम्पलेक्स व्यवसायिक योजना स्वीकृत की हुई है। इसमें रिक्त पड़े व्यवसायिक प्लॉट पर डबल बेसमेंट पार्किंग सहित ग्राउंड प्लस फोर (जी+4) का निर्माण करने का परिषद का विचार है। इसके निर्माण पर लगभग 9 करोड़ रुपए व्यय होने का अनुमान लगाया गया है। इसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सदन से ली जाएगी।

चेयरमैन राकेश पाठक ने बताया कि शहर की पार्किंग समस्या के समाधान के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के पास स्थित पार्क, भोपाल क्लब एवं सब्जी मंडी... एरिया में डबल बेसमेंट पार्किंग निर्माण करने की योजना है। इसके निर्माण पर लगभग 38 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। इसका प्रस्ताव भी बोर्ड में रखकर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति ली जाएगी। नगर परिषद चित्रकूट धाम में अच्छी गुणवत्ता की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवाई जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव सदन में पेश किया जाएगा।

चेयरमैन पाठक ने बताया कि बोर्ड बैठक में कुल 28 बिंदुओं के एजेंडे पर चर्चा होगी। इसमें विकास कार्यों के साथ ही राजस्व बढ़ाने के मुद्दे भी शामिल है। नगर परिषद चेयरमैन पाठक ने बताया कि शहर की मेन रोड रेलवे स्टेशन से लेकर भीमगंज पुलिस चौकी तक है। यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। इस रोड में बालाजी मार्केट, सुभाष मार्केट, राजीव गांधी मार्केट को भी शामिल किया गया है। इसे मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मार्ग में आने वाले सभी चौराहे व सर्किल आकर्षक बनेंगे। अंडरग्राउंड बिजली लाइन, व्यवस्थित डस्टबिन, आकर्षक रोड लाइट सहित अन्य विकास कार्य करवाए जाना प्रस्तावित है।

इन विषयों पर बोर्ड बैठक में होगी चर्चा

- बीपीएल सूची में नौ परिवारों के नाम जोड़ने की सूची का अनुमोदन होगा।
- सूचना केंद्र के पास स्थित सुबह की सब्जी मंडी को अत्याधुनिक बनाने एवं पुर में सब्जी मंडी निर्माण के लिए इन्हें वेंडिंग जोन में शामिल करने पर।
- सभी वार्डों में घर-घर से कचरा संग्रहण कर उसे ट्रेंचिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए दो साल का ठेका दिया जाएगा। इस पर अनुमानित 16 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- 7 करोड़ 81 लाख 65 हजार रुपए की लागत से 43 वाहन खरीदे जाएंगे। इनमें चार डंपर, 2 लोडर, एक रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, 25 ऑटोटीपर, 2 जेटिंग मशीन, एक-एक कार, बेकहो लोडर, स्काई लिफ्ट, मोटरसाइकिल, 5 फायर वाहन शामिल हैं।
- कोविड-19 बीमारी से माता-पिता को खो चुके युवक-युवतियों को खुद की शादी के लिए परिषद के सामुदायिक भवन दो दिन निशुल्क उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव।
- नगर परिषद क्षेत्र के निवासियों के परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उठावने के लिए परिषद के सामुदायिक भवन तीन घंटे के लिए निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।
- नगर परिषद के 18 कर्मचारियों का दो वर्ष का परिवीक्षाकाल पूरा होने पर स्थायीकरण करना। इसी के साथ कर्मचारियों के प्रमोशन का प्रस्ताव।
- मृतक कर्मचारियों के 26 आश्रितों को अनुकंपात्मक नियुक्ति प्रदान की गई। इसका अनुमोदन करवाया जाएगा।
- आरयूआईडीपी के तहत शहर में डल रही सीवरेज के लिए घरेलू एवं अन्य श्रेणी के कनेक्शन पर शहरवासियों से स्वीकृति शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- शहर में खुलने वाली जनता क्लिनिक के लिए रिक्त परिषद भूमि या भवन उपलब्ध होने पर भवन एवं फर्नीचर की व्यवस्था परिषद करेगी।
- शहर में युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी/अध्ययन में सुविधा के लिए रेलवे पटरी के दोनों तरफ एक-एक ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। इसमें भवन, फर्नीचर, वाई-फाई नेटवर्क की सुविधा परिषद देगी।
- शास्त्रीनगर कम्यूनिटी हॉल को बीओटी आधार पर निर्माण करवाया जाएगा।
- परिषद कर्मचारियों के लिए आवासीय मकान आवंटन का प्रस्ताव।

फटाफट

व्यर्थ बह रहा सैकड़ों लीटर पानी

भीलवाड़ा। नगर परिषद कर्मियों की लापरवाही से आर के कॉलोनी में साई मंदिर के सामने सैकड़ों लीटर पानी रोज व्यर्थ बह रहा है। नगर परिषद द्वारा सीसी निर्माण के तहत कार्य शुरू किया जिससे क्षेत्र की नल पाइप लाइन टूट गई जिससे रोजाना सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बहता है। कई दिनों से कार्य ऐसे ही अधूरा छोड़ दिया गया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से पाइपलाइन को दुरुस्त करवाकर राहत दिलाने की मांग की है।

डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर जाजू ने संभाला कार्यभार

भीलवाड़ा। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्टेट चीफ कमिश्नर जे.सी. मोहन्ति द्वारा पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू को डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर भीलवाड़ा नियुक्त किया गया। सी.ओ. गाइड अनीता तिवारी ने बताया कि जाजू ने बुधवार को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पर कार्य ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते समय स्थानीय संघ चेयरमैन अक्षय त्रिपाठी प्रधान लक्ष्मी नारायण डाड ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जाजू के नेतृत्व में भीलवाड़ा स्काउट गाइड संगठन उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। स्थानीय संघ सचिव प्रेम शंकर जोशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की जाजू द्वारा जिले में प्रथम चीफ कमिश्नर के रूप में कार्यभार ग्रहण करना स्काउट गाइड संगठन के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर जाजू ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा के हर क्षेत्र में तत्पर रहते हैं। जिले में स्काउट गाइड की भूमिका को प्रभावी बनाते हुए स्काउट गाइड गतिविधियों को प्रेरणादाई बनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में स्काउटर मुकेश कुमावत, राधेश्याम शर्मा गाइडर संगीता व्यास, पुष्प लता जोशी के साथ स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर उपस्थित थे।

हलचल : मेवाड़

महिला कांग्रेस ने गैस, पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि का जताया विरोध

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

केन्द्र शासित भाजपा सरकार की गैस, पेट्रोल-डीजल सहित अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ाने सहित अन्य नीतियों को गलत बताते हुए बुधवार को महिला कांग्रेस ने सूचना केन्द्र पर विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा हिरण के नेतृत्व में सूचना केन्द्र पर महिलाओं ने गैस को कुड़ेदान में डालकर चुल्हे पर खाना बनाने के साथ ही बर्तन बजाकर बढ़ती महंगाई का विरोध जताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रेखा हिरण ने कहा की मोदी जी आप समाधि या सन्यास ले लो। राजपाठ चलाना बिल्कुल भी आपका काम नहीं है। आप सरकार बिल्कुल भी नहीं चला सकते हो इसलिए यह गद्दी छोड़ दो। देश में महंगाई बढ़ती जा रही है। रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे है।

केन्द्र की मोदी सरकार इन्हें नियन्त्रित कर आम आदमी को राहत देने के बजाय गहरी नींद में सो रही है। गैस सिलेंडर के भाव 880 रुपए हो गए। हर माह सरकार सिलेंडर पर 25 रुपए बढ़ा रही है। पेट्रोल 110 रुपए लीटर हो गया है। डीजल के दाम भी लगातार बढ़ते जा रहे है। दालें व अन्य खाद्य सामग्री की कीमतों में भी लगातार उछाल आ रहा है। लॉकडाउन के चलते आमजन के कमाई के साधन कुछ रहे नहीं है। हर दूसरे व्यक्ति का घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। पिछले दो सालों में कोरोना महामारी से सब कुछ अस्त व्यस्त हो गया फिर भी सरकार राहत देने के बजाय महंगाई बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ने का काम कर रही है। इस मौके पर गंगापुर सहाड़ा विधायक गायत्री देवी, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद पूर्व सभापति मधु जाजू, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा काटिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति मंजू पोखरना, नर्बदा जैन, सुशीला जाट, अनिता पारीक, रेखा भट्ट, काजल खान, साधना रंगरेज, पुष्पा मेहता, नीतू पारीक, दीपमाला लोट, विजयलक्ष्मी शर्मा, मोहम्मद हारून रंगरेज, हिमांशुल माथुर, मुकेश खोईवाल, ओमप्रकाश मल्होत्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

'निज पर शासन फिर अनुशासन' : महाश्रमण

आचार्य महाश्रमण का विभिन्न समाजों ने किया भावभीना अभिनंदन।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मध्यप्रदेश की धरा पर अहिंसा का संदेश देते हुए गतिमान शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमणजी का नीमच जिले के जावद में मंगल पदार्पण हुआ। मध्यप्रदेश में यात्रा अब पूर्णता की ओर है। अहिंसा यात्रा 9 जुलाई को राजस्थान की सीमा में संभावित प्रवेश करेगी। प्रातः नीमच से गुरुदेव ने मंगल विहार किया। विहार के दौरान दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कर गुरुदेव गंतव्य की ओर गतिमान थे। जैसे ही पूज्यप्रवर का जावद में पदार्पण हुआ पहले से प्रतीक्षारत श्रद्धालुओं ने जय-जयकारों से शांतिदूत का अभिनंदन किया। इस दौरान जावद एस.डी.एम राजेंद्र सिंह, टी.आई राजेश चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कांठेड़, भाजपा मंडल जावद के अध्यक्ष सचिन गोखरू आदि अनेक गणमान्य आचार्यश्री के स्वागत में उपस्थित थे। मार्ग में महेशपुरिया एवं मोरका, बरखेड़ा ग्राम के ग्रामीणों ने भी शांतिदूत के दर्शन कर आशीष प्राप्त किया। लगभग 13 किलोमीटर का विहार कर गुरुदेव शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रवास हेतु पधारे। इस दौरान ज्ञानशाला द्वारा निर्मित प्रदर्शनी का भी गुरुदेव ने अवलोकन किया। वर्चुअल प्रवचन सभा में आचार्य श्री ने कहा- हमारे जीवन में आत्मानुशासन का बहुत महत्व है। स्वयं पर स्वयं का अनुशासन होना चाहिए।

सुर्खियां

जन्मदिन और पूर्वजों की स्मृति में लगाये पौधे : महावर

काछोला। धरती का श्रृंगार और जीवन का आधार पेड़ है जो हम सभी को प्राणवायु दे रहे है, मानव जीवन को सुखी, समृद्ध, संतुलित बनाएं रखने के लिए पौधरोपण का विशेष महत्व है यह बात धामनिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण के दौरान प्रधानाचार्य मदन लाल महावर ने कही। प्राध्यापक जगदीश मंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी में चारों और जीवन बचाने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता हुई है हम सबको सजग और सचेत होकर भविष्य में ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए दृढ संकल्प होकर पौधरोपण कर पेड़ बनने तक सुरक्षित करना होगा। प्रभारी नन्द लाल प्रजापत, नाथू लाल सुथार ने बताया कि धामनिया पीईईओ केंद्र के शिक्षकों ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए अपने जन्म दिन या पूर्वजों की स्मृति में पौधरोपण करते है जिससे दूसरे भी प्रेरणा ले रहे है और विद्यालय भी गार्डन का रूप लेकर विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। पौधरोपण के दौरान प्रधानाचार्य मदन लाल महावर के सानिध्य में फुलदार पौधों का पौधरोपण किया।

बन का खेड़ा एनिकट में पहुंचा सीवरेज लाइन का पानी

सवाईपुर। कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा व ककरोलिया माफी गांव के बीच से गुजर रही कोठारी नदी पर बने एनीकट में इन दिनों जिला मुख्यालय की सीवरेज लाइन का भुरा पानी एनीकट में पहुंच रहा है। आसपास के कुओं में एनीकट के पानी की आवक होती है, लेकिन सीवरेज लाइन का पानी पहुंचने से कुओं वह अन्य जल स्त्रोत का पानी भी भुरा हो गया। बदबूदार व दूषित पानी कुए व अन्य जल स्त्रोतों में आने से ग्रामीण इस पानी पीने के काम में नहीं ले पा रहे हैं। गत वर्ष भी नदी पर बने एनीकट में केमिकल युक्त काला व लाल पानी आ गया था। जिससे पूरा एनीकट केमिकल युक्त पानी से भर गया था।

सेवा कार्य कर मनाया पूर्व पालिकाध्यक्ष गुर्जर का जन्मदिन

गुलाबपुरा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व पालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर का जन्मदिन बुधवार को समर्थकों ने सेवा कार्यो के साथ मनाया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ जन मौजूद थे। गुर्जर को माला और साफा व केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। गौशाला में गोवंश को चारा गुड़ खिलाया गया। पौधारोपण भी किया गया। गुर्जर ने गुलाब बाबा की धुनी व देवनारायण मन्दिर में शीश नवाया। इस दौरान बालमुकुंद नवाल, नंद लाल तोषनीवाल, अनुराग कांकरिया रामस्वरूप माली, धर्मीचंद सेठी, रतन सुराणा, भंवर श्रीश्रीमाल, सावर नाथ योगी, शिव सिंह राठौड़, धर्मी चंद कावडिया, शांति लाल डांगी, अक्षयराज चौधरी, अभय पीपाड़ा, हरीश शर्मा, महेन्द्रसिंह राठौड़, सुनील तोषनीवाल राजकुमार मेड़तवाल, जीवतराम मेठाणी, सत्यनारायण राठी हरीश शर्मा, रघुवीर वैष्णव, विकास पारीक, गोपुमल मेठाणी, रोहित चौधरी, सोमेश्वर पांडे, विक्रम नाहटा, अरुण डोसी, रमेश डोसी, भवानी शंकर शर्मा, कैलाश लड्ढा, रंग लाल बाबेल, महादेव मूंदड़ा, महेंद्र चुंडावत, शिवदत्त शर्मा, नोरत शर्मा, सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद मौजूद रहे।

कार्यालय तहसीलदार भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

क्रमांक/भू.अ./2021/1587

दिनांक :- 06.07.2021

सूचना

सर्व साधारण को जरिये इस सूचना पत्र के सूचित किया जाता है कि ग्राम सांगानेर के आ.नं. 590, 591, 593 के संबंध में प्रार्थिया रूकैयाबानू पत्नि जाकिर हुसैन का विक्रयपत्र पंजीकृत से नामान्तरण किये जाने का प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाना है। अतः इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

तहसीलदार भीलवाड़ा

संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत

भीलवाड़ा। पुलिस लाईन के पीछे शिव मंदिर के पास घर पर अचानक तबीयत बिगड़ने से अन्नू पत्नी कन्हैयालाल माली बेसुध हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल लाए। यहां आपातकालीन कक्ष में जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महावीर इंटरनेशन केन्द्र के स्थापना दिवस पर सेवा कार्य

भीलवाड़ा। महावीर इंटरनेशनल केंद्र द्वारा वीर हेमंत आचलिया के सानिध्य में केंद्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत पुराना हाउसिंग बोर्ड दादी धाम कॉइन हाउस के पास वृक्षारोपण कर 40 पौधे लगाए गए एवं 20 जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री भी प्रदान की गई। केंद्र अध्यक्ष अशोक पोखरना ने बताया कि कबूतर खाना शीघ्र शुरू किया जाएगा। वीर हेमंता आचलीया ने बताया कि उक्त शिविर में मूक पशुओं की जांच एवं परामर्श के साथ ही निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएगी। सचिव पारस पीपाड़ा ने आभार जताते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव मंजू पोखरना, मिठालाल सिंघवी, एनके जैन, सुशील सिसोदिया, रमेश पाटनी, एसएल बियानी, प्रेम सिंह मेहता, हेमंत आचलीया, जितेंद्र दरियानी, वकील राजकुमार आदि उपस्थित थे।

पदयात्रियों का किया बहुमान

कोटड़ी। कोटड़ी से 430 किमी दूर बाड़मेर जिले के मेवानगर नाकोड़ाजी तीर्थ के दर्शन के लिए पदयात्रा रवाना हुई। पद यात्रा में सरीक युवाओं का समाज की और सबे बहुमान कर अग्रिम शुभकामनाएं दे कर रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यालय निवासी दीपक पोखरना व पिन्टू गांधी के नेतृत्व में दल नाकोड़ा पार्श्वनाथ एवं अधिष्ठायक देव नाकोड़ा भेरूनाथ के दर्शन करने के लिए भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में मत्था टेक कर रवाना हुए। पद यात्रियों का श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष नवरतनमल पोखरना, मंत्री विरेन्द्र लोढ़ा, सज्जन सिंह पोखरना, प्रवक्ता शान्ति लाल पोखरना, महिला मण्डल के मंत्री अनिता पोखरना सहित अन्य सदस्यों ने माला व दुपट्टा पहना कर सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। पद यात्री दीपक पोखरना ने बताया कि पदयात्रियों का दल कोटड़ी से भीलवाड़ा, माण्डल, विजयनगर, मसूदा, ब्यावर, बर, बिलाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, जसोल होते हुए मेवानगर नाकोड़ा तीर्थ पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 430 किमी की यात्रा लगभग 15 दिन में पूरी कर आगामी पूर्णिमा पर भगवान पार्श्वनाथएवं नाकोड़ा भेरूनाथ के दर्शन करेंगे।

टी-65 बाघ की संदिग्ध मौत की जांच की मांग

भीलवाड़ा। पीपल फॉर एनिमल्स के प्रदेश प्रभारी व वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के स्वयंसेवी अधिकारी बाबूलाल जाजू ने रणथंभोर राष्ट्रीय पार्क में टी 65 बाघ की पानी में डूब कर मौत को संदेहास्पद बताते हुए कहा कि बाघ जो पानी में तैरना जानते हैं, उसकी पानी में डूबकर मौत होना गले नहीं उतरता है। जाजू ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बाघ टी 65 की मौत के वास्तविक कारण की जांच के लिए विभाग के व्यक्तियों के बजाय रिटायर्ड जज एवं 2 वन्य जीव प्रेमियों की कमेटी बनाने की मांग की। जाजू ने बताया कि विभाग द्वारा पोस्टमार्टम मात्र खानापूर्ति मानकर कराया जाता है जबकि पोस्टमार्टम वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए गहनता से होना चाहिए।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN: L74999RJ1992PLC013387

पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रिको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन: 011-27674615 | ई-मेल: hr@titanbiotechltd.com | वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं.	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की संख्या
1.	अनीता पॉल 16608	279-288	27171-28170	1000

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए। जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 07-07-2021
स्थान: नई दिल्ली